# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 30.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 30.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में रमजान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर श्री प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श सिंह व उनकी टीम द्वारा मु0न0 3629/21 धारा 147/323/504/506/354 भा0द0वि0 केस नं0 137/21 थाना राजापुर जनपद चित्रकूट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 1.बुद्धराज पुत्र भोली 2. कामता पुत्र भोली 3. रईस पुत्र बुधराज निवासीगण भदेवरा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1.उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श सिंह थाना राजापुर

2.आरक्षी साकिर अली

3.आरक्षी मनीष कुमार

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी अभियुक्त को चोरी के 01 जोड़ी पायल,01 जोड़ी बिछुआ,03 अंगुठी सफेद धातु व 01 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

पुष्पेन्द्र उर्फ गोलू पुत्र चुन्ना पटेल निवासी ग्राम सिद्धपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट

**बरामदगी-**

1. 01 जोड़ी पायल
2. 01 जोड़ी बिछुआ
3. 03 अंगुठी सफेद धातु
4. 01 हजार रुपये

**गिरफ्तारी का स्थान,दिनाँक,समय-**

इटरौर भीषमपुर तालाब के पास,30.03.025,10.30 बजे

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनाँक 24.10.024 को वादी मोतीलाल पुत्र राजबहादुर निवासी सिद्धपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा कोतवाली कर्वी पर सूचना दी गयी कि उनके ही गाँव के पुष्पेन्द्र उर्फ गोलू पुत्र चुन्ना पटेल द्वारा घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात व पैसे चोरी कर लिए है। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 662/024 धारा 305331(4) बीएनएस बनाम पुष्पेन्द्र उर्फ गोलू उपरोक्त पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी द्वारा उ0नि0 श्री अंशुल कुमार को सुपुर्द की गयी थी। आज दिनाँक 30.03.025 को उ0नि0 अंशुल कुमार व उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर इटरौर भीषमपुर तालाब के पास से अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ गोलू उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की जामतलाशी से चोरी के 01 जोड़ी पायल,01 जोड़ी बिछुआ,03 अंगुठी सफेद धातु व 01 हजार रुपये बरामद हुए,चोरी के माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1. उ0नि0 श्री अंशुल कुमार कोतवाली कर्वी
2. उ0नि0 श्री अशोक कुमार
3. आरक्षी संजीव सोनी

**(5).** आज दिनाँक 30.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा चौकी गनीवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा चौकी परिसर,चौकी प्रभारी कक्ष का निरीक्षण कर चौकी प्रभारी गनीवा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह,चौकी प्रभारी गनीवा श्री यदुवीर सिंह,पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।